Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the procurement of peanuts in Rajasthan.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): अध्यक्ष महोदय, राजस्थान में मेरे लोक सभा क्षेत्र चुरू में मूंगफली की जो खरीद हो रही है, उसके ऊपर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं । मेरे लोक सभा क्षेत्र में 85 प्रतिशत वर्षा आधारित खेती होती है, मात्र 15 परसेंट ही पानी से सिंचाई होती है । अभी हाल ही में कुछ दिनों पहले बारिश हुई, हमारे क्षेत्र में मूंगफली की पैदावार होती है, उसमें कुछ खराब भी हो गई ।

नैफेड खरीद करती है वह राजफैड के थ्रू करती है । मूंगफली के नाम पर भ्रष्टाचार हो रहा है । किसानों का शोषण हो रहा है । वे पूरी रात ठंड के मौसम में बाहर लेकर बैठे रहते हैं । मेरा अनुरोध है कि सरकार द्वारा इस बात को फोकस किया जाना चाहिए । नैफेड को निर्देशित किया जाना चाहिए कि खरीद पारदर्शिता से हो । 25 क्विंटल का मिनिमम कैप किसान पर लगा रखा है यानी एक किसान से 25 क्विंटल मूंगफली ही खरीदी जाएगी । मेरा निवेदन है कि इस कैप को हटाया जाना चाहिए । किसान की जितनी पैदावार हुई है, उसे खरीदने का कष्ट सरकार करे । मेरा यही अनुरोध सरकार से है ।

माननीय अध्यक्ष: श्री दुष्यंत सिंह को राहुल कस्वां द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।